प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 08.01.2026 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. विकसित भारत युवा नेता संवाद–2026 कार्यक्रम का कल नई दिल्ली में होगा आयोजन, देशभर के युवा नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ अपने विचारों को करेंगे साझा।
2. एसीबी ने शराब घोटाला मामले में फरार आरोपी नवीन केडिया को गोवा से किया गिरफ्तार, रिम्स जमीन के अवैध कब्जा मामले में शुरू की जांच, संबंधित दफ्तरों से मांगे दस्तावेज।
3. लोक भवन में 12 जनवरी को आयोजित होने वाले रक्त महायज्ञ को लेकर राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव ने की बैठक, कहा– संबंधित संस्थान समन्वय बनाकर करें तैयारी ।
4. शहीद शेख भिखारी और टिकैत उमरांव सिंह का बलिदान दिवस आज, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने दी श्रद्धांजलि।
5. 69वीं राष्ट्रीय स्कूली तीरंदाजी प्रतियोगिता में झारखंड के तीरंदाजों ने दो स्वर्ण और एक रजत पर साधा निशाना, महिला एचआईएल में आज रांची रॉयल्स और एसजी पाइपर्स के बीच होगा मुकाबला।

****

विकसित भारत युवा नेता संवाद–2026 कार्यक्रम कल नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित होगा। खेल और युवा मामलों के मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह कार्यक्रम युवाओं को आगे बढ़कर नेतृत्व करने, चुनौतियों का सामना करने और देश के भविष्य के निर्माण की रूपरेखा में योगदान देने के लिए सशक्त बनाएगा। उन्होंने कहा कि इस चार दिवसीय कार्यक्रम में देश भर के युवा नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ विकसित भारत के दृष्टिकोण पर विचार साझा करेंगे।

****

एसीबी ने झारखंड शराब घोटाला मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए फरार चल रहे आरोपी नवीन केडिया को गोवा से गिरफ्तार कर लिया है। अब उसे ट्रांजिट रिमांड पर रांची लाकर पूछताछ की जाएगी। अदालत से जमानत याचिका खारिज होने के बाद से ही वह फरार चल रहा था। इस घोटाले में पूर्व उत्पाद सचिव विनय चौबे समेत कई आरोपी पहले से ही जेल में है।

उधर, एसीबी ने रिम्स जमीन के अवैध कब्जा मामले की जांच शुरू कर दी है। इस सिलसिले मे दोषी अधिकारियों को चिन्हित करने के लिए एसीबी ने रांची के बड़गाईं अंचल कार्यालय तथा निबंधन कार्यालय से जमीन से संबंधित कागजात मांगे हैं।

****

प्रदेश कांग्रेस ग्राम पंचायत और वार्ड स्तर को ध्यान में रखकर कार्यक्रम आयोजित करेगी। रांची में पार्टी कीएक्सटेंडेड पॉलिटिकल अफेयर्स कमिटी की बैठक में दो सप्ताह के अंदर सभी बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति करने का निर्णय लिया गया। पार्टी के प्रदेश प्रभारी के राजू ने इस बैठक के निर्णयों की जानकारी दी।

****

स्वास्थ्य विभाग की ओर से राज्य के सभी प्रखंडों में आयोजित स्वास्थ्य मेले के दूसरे दिन लगभग पचपन हजार लोगों ने चिकित्सकों का परामर्श लिया और जांच करायी। हमारे चतरा संवाददाता ने बताया कि जिले में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेले में चिकित्सकों द्वारा मरीजों को जांच एवं उचित परामर्श और दवा मुफ्त में दी जा रही है।

****

राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव नितिन मदन कुलकर्णी ने लोक भवन के बिरसा मंडप में 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले रक्तदान महायज्ञ की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की। उन्होंने झारखण्ड रेड क्रॉस सोसाइटी विश्वविद्यालयों, अस्पतालों तथा अन्य संबंधित संस्थानों को समन्वय स्थापित कर सारी तैयारियां पूरा करने को कहा।

****

सक्रिय सुशासन और योजनाओं के समयबद्ध कार्यान्वयन के लिए प्रधानमंत्री के प्रमुख मंच प्रगति ने 50वीं बैठक के साथ महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इस विशेष श्रृंखला में, आज हम महाराष्ट्र में सोलापुर सुपर थर्मल पावर स्टेशन पर एक नज़र डालते हैं।

****

अमर वीर शहीद शेख भिखारी और टिकैत उमरांव सिंह का बलिदान दिवस आज मनाया जा रहा है। केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने इन वीर शहीदो को नमन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री रांची के ओरमांझी स्थित चुटूपाल में आयोजित बलिदान दिवस समारोह में कहा कि ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ जंग में उनकी शहादत हमारे लिए प्रेरणा का कार्य करती रहेगी।

****

सिमडेगा के नए पुलिस अधीक्षक के रूप में श्रीकांत सुरेश राव ने पदभार ग्रहण कर लिया है। उन्होंने कहा कि पुलिस और जनता के बीच बेहतर संबंध बनाने के साथ अपराध नियंत्रण प्राथमिकता होगी।

****

घरेलू शेयर बाजार सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी आज सुबह गिरावट के साथ कार्य कर रहे हैं। ताजा समाचार मिलने तक सेंसेक्स 592 अंक गिरकर 84 हजार 367 और निफ्टी 209 अंक गिरकर 25 हजार 928 रहा।

****

रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने का भाव एक लाख 28 हजार 800 रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत दो लाख 52 हजार रुपये प्रति किलो है।

****

राजधानी रांची के खेलगांव स्थित टिकैत शूटिंग स्टेडियम में चल रही 69 वीं राष्ट्रीय स्कूली तीरंदाजी प्रतियोगिता में झारखंड के तीरंदाजों का शानदार प्रदर्शन जारी है। प्रतियोगिता में कल झारखंड के तीरंदाजों ने सटीक निशाना साधते हुए दो स्वर्ण और एक रजक पदक जीता।

उधर, रांची के मोरहाबादी स्थित मरांग गोमके एस्ट्रो टर्फ स्टेडियम में चल रहे महिला हॉकी लीग में आज रांची रॉयल्स और एसजी पाइपर्स के बीच मैच खेला जाएगा।

****